आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 18.04.2026** **समय : 07.10PM**

मुख्य समाचार :–

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन पर आज रात साढ़े 8 बजे राष्ट्र को करेंगे संबोधित।**
- **केन्द्रीय कर्मचारियों का बढ़ा महंगाई भत्ता, पेंशनभोगियों को भी मिली महंगाई से राहत।**
- **विश्व धरोहर दिवस के मौके पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन।**
- प्रदेश में गर्मी ने दिखा**या असर ,**आज कई शहरों में पारा **42** डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड **।**

**प्रधानमंत्री-संबोधन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। महिला आरक्षण से जुडे संविधान संशोधन विधेयक गिर जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री यह संबोधन कर रहे हैं। विपक्षी दलों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के कारण महिला आरक्षण विधेयक दो तिहाई बहुमत पाने में असफल रहा। इस कारण लोकसभा में इसे पारित नहीं करवाया जा सका। परिसीमन के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने से जुड़ा प्रस्तावित कानून लंबी बहस के बाद पारित नहीं हो सका।

<u>कैबिनेट बैठक</u>

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी है। आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र के सभी कर्मचारियों के लिए DA और पेंशनर्स के लिए DR 2% बढ़ाया गया है।

कैबिनेट बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "शिपिंग सेक्टर के लिए भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस पूल तैयार किया गया है। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को तीन साल के लिए बढ़ाया गया है।

<u>उपराष्ट्रपति श्रीलंका</u>

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन कल से दो दिन के श्रीलंका दौरे पर रहेंगे। पड़ोसी देश की यह उनकी पहली यात्रा होगी। श्री राधाकृष्णन श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायक से मुलाकात करेंगे। वे श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिणी अमरसूर्या और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मिलेंगे। उपराष्ट्रपति भारतीय मूल के तमिल समुदाय तथा श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों के तमिल नेताओं से बातचीत करेंगे। वे कोलंबो में एक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे और भारत की सहायता से निर्मित आवासों को वर्चुअल माध्यम से तमिल समुदाय के लाभार्थियों को सौंपेंगे।

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही बजट सत्र का समापन हो गया। लोकसभा में अपने समापन भाषण में अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि बजट सत्र के दौरान 93 प्रतिशत कामकाज हुआ। राज्यसभा में अपने समापन भाषण में सभापति सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि संसद के तीनों सत्रों में बजट सत्र का विशेष महत्व है क्योंकि यह राष्ट्र के विकास पथ को निर्धारित करने में भी सबसे महत्वपूर्ण होता है। बजट सत्र के बारे में और अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

## किरेन रिजिजू – बजट सत्र

केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद के बजट सत्र को उत्पादक और सफल बताया है। संसद पुस्तकालय भवन में बजट सत्र के समापन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि इस सत्र में केंद्रीय बजट और कई महत्वपूर्ण विधायी विधेयक सफलतापूर्वक पारित हुए ।

## मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत - कर्नाटक

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायिक अधिकारियों को प्रौद्योगिकी, न्याय को परिभाषित करने वाले मानवीय तत्वों को बढ़ाने का काम करने की सलाह दी है । वे आज बेंगलुरु में कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित एआई के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना' विषय पर न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका को तकनीकी रूप से कुशल होने के साथ-साथ दार्शनिक रूप से भी सुदृढ़ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को अपने मानवीय चरित्र को धूमिल किए बिना नवाचार अपनाना चाहिए।

## मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया । इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा, "...मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि जंगलराज से मुक्ति के लिए पूरे इलाके में भाजपा के पक्ष में लहर चल रही है।

## पुरी-डेटा ऊर्जा

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री **हरदीप सिंह पुरी** ने कहा है कि भारत, अनिश्चितताओं को अवसर में और देश के ऊर्जा भविष्य को शक्ति प्रदान करने के लिए डेटा को खोज में बदल रहा है। श्री पुरी ने कहा कि आज आयोजित डेटा संचालित अन्वेषण पर एक सम्मेलन में पुष्टि हुई कि अन्वेषण भागीदारी और निवेश में तेजी लाने के लिए भूकंपीय डेटा मूलभूत आधार हैं।

## विश्व विरासत दिवस

आज विश्व धरोहर दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। इस मौके पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

**साधनासप्ताह**

भारत सरकार द्वारा मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत लोक सेवकों के लिए संचालित ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण के लिये चलाये गये साधना सप्ताह में मध्यप्रदेश को आईगाट पोर्टल पर अधिकतम पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान मिला है। साधना सप्ताह गत दो अप्रैल से 10 अप्रैल तक चलाया गया था। राष्ट्रव्यापी साधना सप्ताह में विभिन्न पाठयक्रमों में पंजीयन करने वाले लोक सेवकों की संख्या 9 लाख 49 हजार 215 रही।

**मौसम**

प्रदेश में गर्मी ने अब अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आज कई शहरों में पारा 42 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया ह विभाग ने लोगों को गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीने, शरीर को हाइड्रेट रखने की सलाह दी है। वहीं, गर्मी के बढ़ते असर को देखते हुए प्रशासन ने कई जगहों पर स्कूलों के समय में बदलाव किया ह

**कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- धार जिले में अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले संभावित बाल विवाहों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।
- शिवपुरी में आज सन 1857 की क्रांति के प्रमुख योद्धा अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर दो दिवसीय शहीद मेले का आयोजन का शुभारंभ किया गया।
- गुना में आज परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेक प्वाइंट स्थापित कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सात हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।
- रायसेन जिले के प्रसिद्ध सांची स्तूप में आज विश्व विरासत दिवस के अवसर पर हेरिटेज वॉक का आयोजन कर धरोहरों को संजोने का संदेश दिया।
- खंडवा महाविद्यालय में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।
- बड़वानी में कलेक्टर जयति सिंह ने अत्यधिक गर्मी के दृष्टिगत जिले की कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के समस्त विद्यालयों का संचालन प्रातः 7.30 से दोपहर 12 बजे तक किया है।
- देवास जिले के जनपद पंचायत कन्नौद में एसएससीआई लिमिटेड नीमच द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाईजर की भर्ती के लिए रोजगार शिविर का आयोजन किया गया।